हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

12 सिटी थाना के सामने मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की मंजूरी मिली



12 कृषि शिक्षा में उद्यमिता को प्राथमिकता देने की जरूरत





# आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

## -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

## -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी



आदिश जैन

**नारनौल** | आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ-इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ग्रुप सीईईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

**पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण गें आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।

ADVT.





## खबर संक्षेप

### निगम से संबंधित सीएम विंडो शिकायतों की हुई सुनवाई

**हिसार।** नगर निगम से संबंधित सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों की सुनवाई गुरुवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में की गई। निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार सीएम विंडो की सुनवाई की अध्यक्षता अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने की। उनके साथ हरियाणा सरकार द्वारा चयनित सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन प्रवीण जैन, राजकुमार इंदौरा और संजय सैनी उपस्थित रहे।

### 'नेशनल सोशल जस्टिस समिट' का 7 को : खोवाल

**हिसार।** ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन (आईआईबीसीएफ) की ओर से 7 दिसंबर को राजधानी दिल्ली के राजा राममोहन रॉय हॉल में 'नेशनल सोशल जस्टिस समिट' का आयोजन किया जाएगा। इस महासम्मेलन में देश की करीब 87 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले एससी-एसटी और ओबीसी समुदायों के प्रमुख नेता और संगठन एक मंच पर आएंगे। फेडरेशन के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि यह समिट संस्था के संस्थापक अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस वी. ईश्वैरया की अगुवाई में होगी।

### निगम में हटाए गए कर्मियों के धरने को समर्थन

**हिसार।** वीर वाल्मीकि जागृति मंच के सदस्यों ने हटाए गए 200 सफाई कर्मचारियों द्वारा निगम कार्यालय के बाहर दिए जा रहे धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। मंच के सदस्यों ने हटाए गए सभी सफाई कर्मचारियों बातचीत की। प्रदेश अध्यक्ष बृजमोहन गिल, प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश बिडलान, श्यामलाल सरबटा हरदीय वाल्मीकि धर्म समाज सर्वोच्च निर्देशक, अनूप बिडलान, दिनेश बिडलान कुलदीप गुर्जर, कांग्रेस के युवा नेता राममेहर चौहान ने कहा कि हटाए गए सभी सफाई कर्मचारियों के अन्याय हुआ है और जब तक इन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक वीर वाल्मीकि जागृति मंच उनके हर संघर्ष में कर्मचारियों के साथ है।

### मां चंडिका देवी मंदिर में सहस्त्र पाठ 19 जनवरी से

**हिसार।** प्राचीन मां चंडिका देवी मंदिर में आयोजित होने वाले नौ दिवसीय सहस्त्र पाठ, हवन व यज्ञ में देशभर से असंख्य श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। मां चंडिका देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल ने बताया कि लोगों को मां चंडिका देवी की महिमा से रूबरू करवाने और जनकल्याण के लिए 19 से 27 जनवरी तक स्वामी धर्मानंद सरस्वती जी हरिद्वार वाले के सान्निध्य में नौ दिवसीय अनुष्ठान किया जाएगा।

### इंडियन डीपीडीपी एक्ट पर सेमिनार कल

**हिसार।** सीए व सीए की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के प्रति समर्पित चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 6 दिसंबर को इंडियन डीपीडीपी एक्ट पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

## खेल अकादमी जा रही छात्रा पर कुत्ते ने किया हमला, कई जगह काटा

# लोगों ने डंडा लेकर कुत्ते को दौड़ाया, छात्रा ने पास के पार्क में छिपकर जान बचाई

छात्रा के पिता ने पुलिस को दी कुत्ता मालिक की शिकायत, कुत्ते के हमले की घटना सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर के सेक्टर 16-17 में स्कूटी सवार एक लड़की पर अचानक कुत्ते ने हमला करके उसे घायल कर दिया। लड़की स्कूटी से गिर गई। इसके बाद कुत्तों ने लड़की के पैर पर काटा। हालांकि, पास ही टहल रही कुत्ते की मालकिन ने उसे बचा लिया। कुत्ता इसके बाद भी नहीं रुका। करीब 10 सेकेंड बाद कुत्ता फिर से आया और लड़की पर झपट पड़ा। इसके बाद कुछ लोगों ने डंडा लेकर कुत्ते को दौड़ाया। लड़की ने पास के ही पार्क में छिपकर अपनी जान बचाई। यह घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार पीड़िता सेक्टर-16 की रहने वाली लगभग 14 वर्षीय सौम्या है, जो 9वीं की छात्रा है। घटना वाले दिन वह अपने नाना के घर से बॉस्केटबॉल एकेडमी जा रही थी। लड़की के पिता सुनील राठी रेलवे में ठेकेदार हैं। सुनील राठी ने बताया कि सौम्या को कुत्ते ने हाथ-पैर में 4 जगह काटा है। उन्होंने कुत्ते की मालकिन जोगिंद्र पाल के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दी है। वह सेंट सोफिया स्कूल में टीचर हैं। ठेकेदार सुनील राठी ने बताया है कि वह सेक्टर 16-17 में रहते हैं। गत दिवस शाम को करीब साढ़े 4 बजे उनकी बेटी सौम्या राठी अपने नाना के घर से अपनी खेल एकेडमी स्मॉल वंडर स्कूल में जा रही थी। त्रिवेणी पार्क के ठीक सामने मकान नंबर 1904 (पॉल हाउस) से एक कुत्ता बाहर आया और उसने बेटी पर अचानक हमला कर दिया। सुनील ने बताया कि कुत्ते की मालकिन वहीं खड़ी रही। बेटी ने बचाव में उस लेडीज के पीछे छिपने की कोशिश की, मगर उस कुत्ते ने मेरी बेटी को 4 जगह काट लिया। एक जगह से मांस का टुकड़ा बाहर आ गया। एक पड़ोसी बुजुर्ग ने मेरी बेटी को बचाया, मगर वह मालकिन खड़ी तमाशा देखती रही।



हिसार। सेक्टर16-17 में लड़की पर हमला करते कुत्ता। फोटो: हरिभूमि

### निगम क्षेत्र में कुत्तों का बधियाकरण जारी

नगर निगम द्वारा शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए बड़े पैमाने पर कुत्तों का बधियाकरण अभियान शुरू करवाया गया है। इसको लेकर पशु कल्याण बोर्ड से मंजूरी मिल गई थी। फिलहाल एजेंसी को 5 हजार कुत्तों का बधियाकरण का कार्य किया जाएगा। शहर से आवारा कुत्तों को पकडकर उनका सुरक्षित व मानवीय तरीके से बधियाकरण किया जाएगा ताकि भविष्य में उनकी संख्या में अनियंत्रित वृद्धि को रोका जा सके।

### नगर निगम ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर

नगर निगम ने आवारा कुत्तों के बधियाकरण, टीकाकरण और बंदरों को पकड़वाने के लिए नागरिकों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निगम ने इसके लिए व्हाट्सएप नंबर 99535-58000 जारी किया हुआ है। कुत्तों और बंदरों समस्या पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है।

### वर्ष 2025 में हर माह डॉग बाइट केस

| महीना | घायल संख्या |
|---|---|
| जनवरी | 526 |
| फरवरी | 425 |
| मार्च | 420 |
| अप्रैल | 412 |
| मई | 823 |
| जून | 289 |
| जुलाई | 1776 |
| अगस्त | 1857 |
| सितंबर | 1432 |
| अक्तूबर | 574 |
| नवंबर | 157 |

### सालदर कुत्तों के काटने के मामले

| साल | संख्या |
|---|---|
| 2012 | 4516 |
| 2013 | 9400 |
| 2014 | 7224 |
| 2015 | 9491 |
| 2016 | 8063 |
| 2017 | 10454 |
| 2018 | 11443 |
| 2019 | 14766 |
| 2020 | 2173 |
| 2021 | 1681 |
| 2022 | 4310 |
| 2023 | 6538 |
| 2024 | 6718 |
| 2025 | 8691 |

आरोपियों का फोन बंद, पुलिस को दी शिकायत

## असली सोना बताकर दुकानदार से ठग लिए 12 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर थाना क्षेत्र में एक दुकानदार से लगभग 12 लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। शहर क्षेत्र में हुई इस घटना के तहत मंडी आदमपुर निवासी दुकानदार सुशील कुमार को असली सोना बताकर नकली सिक्के थमा दिए गए। पीड़ित सुशील कुमार आदमपुर में बूट-चप्पलों की दुकान चलाते हैं। उन्होंने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 नवंबर को उनकी दुकान पर एक व्यक्ति आया, जिसने लोअर खरीदा। उस व्यक्ति ने सुशील को बताया कि हिसार में जमीन की खुदाई के दौरान पुराना सोना मिला है और वह उसे बेचना चाहता है। आरोपी ने सुशील का विश्वास जीतने के लिए सोने जैसा दिखने वाला एक छोटा टुकड़ा दिया। सुशील ने जब इसे पास के सुनार से जांच करवाया, तो सुनार ने उसे असली बताया। इसी धोखे का फायदा उठाकर आरोपी ने ठगी की अपनी योजना को आगे बढ़ाया। सुशील कुमार के अनुसार आरोपी ने अपना नाम रमेश प्रजापति बताया और अपना मोबाइल नंबर भी दिया। सुशील के अनुसार 29 नवंबर को सुशील ने उसे फोन किया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें हिसार के फव्वारा चौक स्थित पार्क में बुलाया। वहां रमेश प्रजापति के साथ एक अन्य व्यक्ति और एक महिला भी मौजूद थे। उन्होंने 750 ग्राम सोने के बदले 15 लाख रुपये की मांग की लेकिन बातचीत के बाद 12 लाख रुपये में सौदा तय हो गया।

**इस प्रकार हुई ठगी**

आरोपी ने ग्रीन स्कवेयर मार्केट के पास एक काले पॉलिथीन में इंडिया विक्टोरिया गो मोहर लगे पुराने सिक्के दिए और उन्हें असली सोना बताकर 12 लाख रुपये ले लिए। बाद में जब सुशील ने इन सिक्कों को किसी जानकार को दिखाया, तो पता चला कि वे नकली थे। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने आरोपी को फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल नंबर स्विच ऑफ मिला। काफी तलाश के बाद भी आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा। सुशील कुमार ने पुलिस से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### 37 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में एक को किया जांच में शामिल

- पुलिस ने आरोपी से किए 50 हजार बरामद

**हिसार।** साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस ने शिकायतकर्ता से करोड़पति बनाने के नाम पर लगभग 37 लाख 10 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में एक आरोपी गौतमबुद्ध नगर निवासी रोहित नवाब को अभियोग में शामिल जांच कर 50 हजार रुपये बरामद किए है।

## कर्ज न चुकाने पर किसान का घर किया सील

- पूरा मकान सील करने से किसान परिवार रातभर ठंड में भूखा प्यासा बैठक रहा बाहर
- किसान संगठन ने तोड़ा ताला तोड़कर परिवार को दिलाया घर

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

गांव गैबीनगर में एक अत्यंत दुःखद और अमानवीय घटना सामने आई। एक फाइनेंस कम्पनी ने किसान कृष्ण के घर को कर्जा न चुकाने के कारण ताला लगाकर पूरी तरह सील कर दिया था। इस घटना के बाद किसान का पूरा परिवार कड़ाके की ठंड में भूखा-प्यासा घर से बाहर बैठा रहा।



नारनौंद। किसान यूनियन के सदस्य ताला तोड़कर सामन अंदर रखते हुए।

**फाइनेंस कम्पनी पर कार्रवाई मांग**

प्रदेश अध्यक्ष विकास सीसर, उपाध्यक्ष काला गामड़ा, राष्ट्रीय सलाहकार अजीत बोडी धनाना, महासचिव राजेश पंडित, लीला छाबड़ा, दीपक पंडित ने बताया कि पीड़ित परिवार से पूरी स्थिति समझी और तत्पश्चात फाइनैंस कम्पनी के कर्मचारियों से फोन पर बात कर तुरंत गांव पहुंचने और समाधान करने को कहा, परन्तु कंपनी की ओर से कोई सकारात्मक या संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

## खिलाड़ी निर्मल बूरा को खेलने से रोका

- फेडरेशन तक पहुंचा विवाद, इसके बावजूद निर्मल प्रतियोगिता में नहीं ले सकी हिस्सा
- उमरा में दो दिवसीय हरियाणा सीनियर स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

उपमंडल के उमरा में चल रही रही दो दिवसीय हरियाणा सीनियर स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निर्मल बूरा को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से रोकने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद मामला फेडरेशन तक पहुंचा लेकिन बावजूद उसके निर्मल बूरा प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकी। मामले की जानकारी देते हुए निर्मल बूरा ने बताया कि उन्हें 30 नवंबर को आयोजक संगठन की ओर से प्रतियोगिता में शामिल होने का निमंत्रण पत्र मिला था।



हांसी। खेलने से मना करने के बाद स्टेडियम के बाहर बैठी निर्मल बूरा।

**राष्ट्रीय चैंपियन हैं बूरा**

निर्मल बूरा हिसार के घिराय गांव की बेटी हैं और वह हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर हैं। 2001 में राष्ट्रीय चैंपियन रही हैं। निर्मल बूरा ने वर्ष 2007 में कनाडा में कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2010 कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत, 2010 स्पेन इंटरनेशनल कुश्ती में स्वर्ण जीता और प्रो रेसलिंग लीग में 48 किलो वर्ग में पंजाब रॉयल्स की ओर से खेलते हुए कई अंतरराष्ट्रीय दावेदारों को मात दी।

**भविष्य की प्रतियोगिताओं में स्वागतः महासचिव**

*हरियाणा ओलिंपिक एसो. के उपाध्यक्ष और रेसलिंग हरियाणा संगठन के महासचिव राकेश सिंह ने कहा कि फेडरेशन की नीति के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर केवल वही खिलाड़ी भेजे जाते हैं जो जिला स्तर पर खेलकर अपनी योग्यता साबित करते हैं। राकेश ने कहा कि एक खिलाड़ी जो पांच मुकाबले जीतकर क्वालीफाई किया करें और एक सीधे स्टेट या नेशनल अलाऊ कर दिया जाए तो यह बकियों के साथ अन्याय होगा।*

सहायता | रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों का प्लेटफार्म आया वाहन स्वामियों की मदद को

# दुर्घटना या चालान की हालत में वाहन स्वामियों की मदद करेगा 'गेट राइट'

बाहरी क्षेत्र में दुर्घटना या चालान की हालत में 'गेट राइट' मोटर क्लब डील करेगा केस

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

वाहन स्वामियों को राहत देने वाली खबर है। रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों की ओर से बनाया गया 'गेट राइट' मोटर क्लब अब उन वाहन स्वामियों की मदद करेगा, जो दूसरे जिलों या दूसरे प्रदेश में जाकर दुर्घटना या चालान का शिकार हो जाते हैं। 'गेट राइट' मोटर क्लब पुलिस से संबंधित एक्सपर्ट का प्लेटफार्म है, जो वाहन स्वामियों की मदद करेगा। दूसरे जिलों या दूसरे प्रदेशों में जाकर चालान या दुर्घटना का शिकार होकर परेशानी झेलने वाले वाहन स्वामियों के लिए यह संस्था किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। 'गेट राइट' मोटर क्लब के सदस्य बनने वाले वाहन चालकों की सारी परेशानियों का हल उन्हीं क्षेत्रों में तैनात 'गेट राइट' मोटर क्लब के पदाधिकारी व सदस्य करवाते हैं। यदि कहीं बाहरी क्षेत्र में चालान हो गया हो तो वाहन स्वामी अपने पूरे कागजात 'गेट राइट' के नजदीकी कार्यालय में जमा करवा सकता है, उसके बाद 'गेट राइट' मोटर क्लब उस क्षेत्र के पदाधिकारी को सूचित करेगी और उस क्षेत्र का पदाधिकारी उस चालान को डील करेगा, ऐसे में वाहन स्वामी वहां पर आने-जाने के झंझट से मुक्त हो जाता है।



हिसार। 'गेट राइट' मोटर क्लब, के हरियाणा प्रभारी महेन्द्र सिंह।

**'गेट राइट' मोटर क्लब सहायता**

'गेट राइट' के हरियाणा प्रभारी एवं रिटायर्ड डीएसपी महेन्द्र सिंह ने बताया कि 'गेट राइट' मोटर क्लब रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों के माध्यम से वाहन स्वामियों की मदद करता है। किसी क्षेत्र के थाने में व्यक्तिगत सहायता की जाती है और 365 दिन हेल्पलाइन की सुविधा उपलब्ध है। उनका कहना है कि बीमा केवल गाड़ी का होता है लेकिन 'गेट राइट' मोटर क्लब वाहन स्वामी की व्यक्तिगत रूप से मदद करता है। उन्होंने कहा कि 'गेट राइट' मोटर क्लब प्रति वाहन स्वामियों का बड़ा रूझान है और आए दिन वाहन स्वामी 'गेट राइट' मोटर क्लब की सदस्यता ले रहे हैं।

## नशे के खिलाफ डीएवी का बड़ा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

100 कुंडीय हवन से शुरू होगी जागरूकता मुहिम

दयानंद कॉलेज में प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने महत्वाकांक्षी सामाजिक जागरूकता अभियान की घोषणा की। उन्होंने बताया कि आर्य युवा समाज के तत्वावधान में देशव्यापी चलाए जा रहे 'नो नशा नेशन' अभियान के तहत जिले में युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। युवा आर्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत दयानंद कॉलेज व शहर के सभी डीएवी विद्यालय मिलकर जिले के विभिन्न स्थानों पर कुल 100 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन करेंगे। इन हवनों के माध्यम से न केवल धार्मिक-सांस्कृतिक वातावरण बनेगा, बल्कि युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता भी फैलाई जाएगी। इस अभियान की शुरुआत 7 दिसंबर को प्रातः 11 बजे तिकोना पार्क, अग्रसेन कॉलोनी, से होगी। इस पहले 100 कुंडीय हवन का आयोजन दयानंद महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं स्वयं करेंगे।

आज है इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे



# वॉलंटियर बनकर दुनिया बनाओ खूबसूरत

बच्चो, अपनी इच्छा से निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करने वाले लोगों को वॉलंटियर्स कहते हैं। ये वॉलंटियर्स इंसानों की ही नहीं, पशु-पक्षियों और नेचर की केयर करने में भी पीछे नहीं रहते। इस दुनिया को सुंदर-प्यारा बनाए रखने में वॉलंटियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चो, तुम भी एक अच्छे वॉलंटियर बनकर अपने समाज-देश और पूरी दुनिया को खूबसूरत बनाओ।

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, किसी की मदद करने का भाव तो हम सबके मन में होता है लेकिन इसे व्यवहार में उतारना आसान नहीं होता। अपने डेली रूटीन से किसी अच्छे काम के लिए समय निकालना मुश्किल होता है। किसी से मिलकर उसकी जरूरत या परेशानी के बारे में पूछने का काम भी सब नहीं कर पाते। सेवा-सहायता के इन प्यारे भावों को प्रैक्टिकली कर दिखाने का काम वॉलंटियर्स करते हैं। कैसे बिना किसी फायदे की चाह के अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से किसी का मददगार बना जाए? कैसे अच्छी बातों को बर्ताव में उतारा जाए? किस तरह बिना दिखावे के किसी का साथ दिया जाए? किस तरह मोर्चे पर डटकर प्रकृति का ख्याल रखा जाए? पूरे तन-मन से कैसे किसी का मनोबल बढ़ाया जाए? ये सब कुछ ऐसे सेवाभावी लोगों यानी वॉलंटियर्स से सीखा जा सकता है।

### छोटे-छोटे कदम भी अहम

प्यारे बच्चो, किसी की सहायता करने या उसे संबल देने का काम हर कोई कर सकता है। बच्चे भी कर सकते हैं। वॉलंटियर के रूप में जरूरी नहीं कि बड़े स्तर पर ही कुछ किया जाए। अपने घर, आस-पड़ोस, सड़क, स्कूल, पार्क हर जगह सहयोगी सिटीजन की भूमिका निभाई जा सकती है। मुसीबत में मददगार बनने या फिर दुःख तकलीफ में किसी का साथ देने के लिए बस इच्छा शक्ति की दरकार होती है। असल में कंसर्न की सोच अपना लें तो पॉजिटिव भागीदारी का रास्ता मिल ही जाता है। इस सरोकारी समझ से हमारा छोटा सा कदम भी किसी की बहुत बड़ी मदद कर सकता है। हेल्प करने, साथ देने की इस सोच से पूरी दुनिया सुंदर बन सकती है। सबका जीवन सहज-सरल हो सकता है।

### यूं बनो मददगार

बच्चो, बड़ा दिल, खुली सोच और किसी की तकलीफ को समझने वाला हर इंसान वॉलंटियरिंग कर सकता है। जैसे किसी बुजुर्ग की मदद करना, पार्क में पेड़-पौधे लगाना, स्कूल में किसी साथी को चोट लगने या बीमार होने पर उसका बैग उठाना, ऐसे सभी काम सहायता का सुंदर भाव ही तो हैं। अपने एरिया में साफ-सफाई करते लोगों का साथ देने से लेकर घर में काम करने वाले सहायकों का बेवजह काम ना बढ़ाना भी, सेवा करने जैसा ही है। बच्चो, सिंपैथी और साथ देने की यह सोच बहुत से लाइफ स्किल्स भी सिखाती है। किसी तरह की कठिनाई या जरूरत में दूसरों का सहयोग करना अपने जीवन को संभालना भी सिखाता है। औरों का जीवन सहज बनाने के लिए किया गया छोटे से छोटा काम जिंदगी का सुंदर पाठ पढ़ाता है। इसीलिए न केवल खुद किसी की मदद करने की सोच रखनी चाहिए बल्कि वॉलंटियर्स का खूब सम्मान भी करना चाहिए। बच्चो, तुम्हें ऐसे पॉजिटिव काम करते देखकर दूसरे साथी भी प्रोत्साहित होते हैं। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए तुम जैसे नन्हे वॉलंटियर्स की भूमिका भी बहुत अहम है। *








### इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे


बच्चो, हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे असल में प्यार, परवाह और साझे जीवन का ही संदेश लिए है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1985 में शुरू किया गया यह खास दिन हर वर्ष एक विशेष संदेश देने वाले विषय यानी थीम को लेकर मनाया जाता है। साल 2025 में इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम है 'हर योगदान मायने रखता है।' इस थीम का मैसेज भी यही है कि बिना स्वार्थ की गई सेवा का हर छोटा या बड़ा कदम मायने रखता है। जितना संभव हो हम सबको यह सेवाभाव रखना चाहिए। समय, सेवा, धन या मान-मनोबल को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए, जो किसी तरह की परेशानी में हैं। इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे सभी को अपनी इच्छा से औरों के लिए हेल्पफुल बनने का संदेश भी देता है। साथ ही यह दिन दुनिया भर में उन लोगों को धन्यवाद देने का मौका भी है, जो अपना अनमोल वक्त स्वैच्छिक सेवा देने में लगाते हैं। सही मायने में मदद करने की भावनाओं को धरातल पर उतारते हैं। अपने आस-पास देखोगे तो तुम्हें भी ऐसे बहुत से संवेदनशील लोग मिल जाएंगे, जो किसी का सहयोग करने में आगे रहते हैं। बच्चो, इस वर्ष इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम 'एवरी कॉन्ट्रिब्यूशन मैटर्स' को याद रखते हुए तुम भी सहजता से किसी जरूरतमंद के लिए जो कुछ किया जा सके, वह जरूर करो।

बच्चो, अपने देश में एक ऐसी जगह है, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से दुनिया भर में मशहूर है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मनोरम घाटियों, झीलों और हरे-भरे चारागाहों को देखने देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जानो, भारत के 'मिनी स्विटजरलैंड' खज्जियार के बारे में।

# भारत का मिनी स्विटजरलैंड खज्जियार

अमेजिंग प्लेस

नयनतारा



बच्चो, अपने देश में प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की भरमार है। यहां हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर धूप में खिलते समुद्री तटों तक कई मोहक नजारे देखे जा सकते हैं। हमारे देश के कुछ स्थानों की तुलना अक्सर विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस से भी की जाती है। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जिसकी तुलना स्विटजरलैंड देश से की जाती है, इसे 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। इसका नाम है-खज्जियार।

**स्विटजरलैंड जैसा खूबसूरत:** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में, डलहौजी से लगभग 24 किमी दूर धौलाधार पर्वत श्रृंखला के नीचे स्थित है खज्जियार। यहां दूर तक फैले हुए हरे घास के मैदान, विशाल पहाड़, गहरी घाटियां, क्रिस्टल की तरह साफ झीलें और हर तरफ प्राकृतिक सुंदरता छाई रहती है। किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा सुंदर दिखने वाला यह मनोरम स्थल कई मायने में यूरोपीय देश स्विटजरलैंड जैसा है।



**'मिनी स्विटजरलैंड' नाम कैसे-कब पड़ा:** बच्चो, खज्जियार को यूं ही मिनी स्विटजरलैंड नहीं कहा जाता, बल्कि आधिकारिक रूप से इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, भारत में स्विटजरलैंड के तत्कालीन राजदूत विल्ली पी. ब्लेजर ने 7 जुलाई 1992 को खज्जियार को आधिकारिक तौर पर विश्व के उन 160 स्थानों में शामिल किया, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाते हैं। उन्होंने खज्जियार में एक साइनबोर्ड भी लगवाया, जिसमें स्विस राजधानी बर्न से खज्जियार की दूरी 6,194 किमी दर्शाई गई है। मतलब यह कि स्विस सरकार भी खज्जियार को आधिकारिक तौर पर मिनी स्विटजरलैंड मानती है। यह बात स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में स्विस संसद के पास एक शिलालेख पर भी दर्ज है।

**प्राकृतिक आपदाओं का रहता है खतरा:** खज्जियार की गिनती निश्चित तौर पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में होती है। लेकिन यहां भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,920 मी. या 6,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसके क्लाइमेट और वनस्पति जगत को प्रभावित करता है। खज्जियार को भूकंप जोन 5 के अंतर्गत रखा गया है, जिसका अर्थ है कि यहां अधिक तीव्रता के भूकंप का खतरा बना रहता है। *



कविता / दिनेश विजयवर्गीय

# सर्दी की धूप

रेशम-सी मुलायम लगती
सर्दी की अलसाई धूप।
देर से आकर जल्दी जाती
भागम-भाग मचाती धूप।
बूढ़े-बच्चे धूप सेंकते
तन को बहुत सुहाती धूप।
दादा जी पढ़ते अखबार
जब आ जाती छत पर धूप।
धुंध कोहरा जब छा जाता
नजर न आती सोनल धूप।
शीत लहर के आतंक से
बेबस-सी हो जाती धूप।
सरसों के पीले खेतों में
गीत खुशी के गाती धूप।



## हंसगुल्ले

**हिंदी टीचर :** 'दांत खट्टे करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**आनंद :** मैंने रोहन को इमली खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
-तुषार, रायपुर

**टीचर :** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन :** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-केशव, बिलासपुर



**पापा (सौरभ से) :** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ :** लेकिन पापा, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-सुमन, भोपाल

## जीके क्विज-182



1. हाल ही में पीएम मोदी ने किस सिख गुरु के सम्मान में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किए?
2. बैडमिंटन में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
3. बिहार के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. केरल की राजधानी कहां है?
5. 'मधुशाला' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?
6. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
7. किस विटामिन को सोलर विटामिन कहा जाता है?
8. काठमांडू किस देश की राजधानी है?
9. कंगारू किस देश में पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?

बच्चों, जीके क्विज-182 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-181 का उत्तर :** 1.मीनाक्षी हूडा, 2.फातिमा बॉश, 3.फिलीपींस, 4.तैराकी, 5.हरा, 6. एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 7.सिक्किम, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.न्यूटन, 10.इंदिरा प्वॉइंट

**जीके क्विज-181 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, सूरज-रायपुर, कोमल-दुर्ग, साकेत-बिलासपुर, अंकित-रोहतक, अंश-भोपाल, शेखर-महासमुंद, हर्ष-बालोद



कहानी

अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# बंटी बेवकूफ है!

बंटी ने जब-जब किसी के साथ गलत-बुरा होते देखा, उसने उसकी मदद करनी चाही। लेकिन पापा ने उसे यह कहकर रोका, 'काहे दूसरों के मामले में अपनी टांग अड़ाते हो, यह बेवकूफी है।' फिर भी बंटी ने दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ा। एक दिन तो बंटी की बुरी तरह पिटाई हो गई। क्या इसके बाद बंटी ने लोगों की मदद करना छोड़ दिया?



पा...पापा वो देखो!' बालकनी में खड़े बंटी ने तेज आवाज में कहा और सीढ़ियों की तरफ दौड़ पड़ा। कमरे में बैठे पापा बालकनी में आए, देखा कि सामने सड़क पर एक लड़का गिरा पड़ा था, तीन लड़के उसकी पिटाई कर रहे थे।

'अरे बंटी! रुक...रुक...रुक बेटा!' आवाज देते पापा बंटी के पीछे दौड़े। सीढ़ियों से उतर कर बंटी घर से बाहर निकलने ही वाला था कि पापा ने उसकी बांह पकड़ ली। पापा ने डांटते हुए पूछा, 'तू कहां जा रहा है?'

'उस भैया की मदद करने। देखा नहीं आपने, तीन लड़के अकेले भैया की कैसी पिटाई कर रहे हैं?' बंटी अपनी बांह छुड़ाने की कोशिश करते हुए बोला।

'तुमसे क्या मतलब? चल अंदर...!' पापा ने गुस्से में कहा और दरवाजा बंद कर बंटी को ऊपर खींच लाए। बंटी मन मसोस कर रह गया।

ऐसे ही एक दिन बंटी अपने पापा के साथ स्कूटर पर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके बगल से एक मोटर साइकिल निकली, जिस पर दो नौजवान लड़के बैठे हुए थे। अचानक मोटर साइकिल सड़क के किनारे पैदल जा रही एक महिला के बगल में रुकी और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मार कर उस महिला के गले से चेन खींच ली। महिला सड़क पर गिर गई। वह चिल्लाती रही और मोटर साइकिल सवार लड़के तेजी से भाग गए।

'पापा...वो देखो उस मोटर साइकिल पर जा रहे लड़के आंटी के गले से चेन खींच कर भाग गए। आंटी जमीन पर गिर गई हैं।' बंटी ने पापा से कहा।

'तू चुप कर...!' पापा ने कहा और स्कूटर की स्पीड तेज कर दी।

'पापा...मैंने मोटर साइकिल का नंबर पढ़ लिया है। उसके आखिर में बी. एन. सिक्स श्री नाइन टू लिखा था। हमें पुलिस को बता देना चाहिए।' बंटी बोला।

'तुमने कुछ नहीं देखा है। बस अपने काम से काम रखा करो। और सुनो, किसी से यह कहने की जरूरत नहीं कि तुमने मोटर साइकिल का नंबर देखा था।' पापा बोले।

'आखिर क्यों पापा? पुलिस को बता देने से शायद बदमाश पकड़ लिए जाएं, आंटी की चेन मिल जाए।' बंटी बोला। 'बेवकूफी की बात मत कर। मैं जितना कह रहा हूं, बस उतना ही सुन।' पापा ने जोर से डांटा। बंटी अपना मन मारकर बैठ गया।

उस दिन स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा सात और कक्षा आठ की क्रिकेट टीमों के बीच मैच था। अपनी कक्षा सात की टीम का एक खिलाड़ी बंटी भी था। मैच खत्म होने के बाद स्कूल से लौटने में देर हो गई थी। शाम का हल्का अंधेरा हो गया था। रास्ते में अचानक एक सुनसान गली से किसी लड़की के चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। बंटी ने रुक कर इधर-उधर देखा, सामने दो बदमाश लड़के एक लड़की का रास्ता रोके खड़े थे। एक लड़के ने लड़की का हाथ पकड़ रखा था। लड़की रो रही थी। वह बार-बार 'प्लीज मुझे छोड़ दीजिए...प्लीज मुझे जाने दीजिए..' बोल रही थी, लेकिन वे बदमाश लड़के उसको जाने नहीं दे रहे थे।

सड़क पर जा रहे लोग लड़की की आवाज सुन कर गली की तरफ एक नजर देखते थे और आगे बढ़ जाते थे। किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। बंटी से रहा नहीं गया। वह तेजी से बदमाश लड़कों की ओर बढ़ा और अपना बैट पीछे से एक बदमाश के कंधे पर पूरी ताकत से दे मारा। इस अचानक हुए हमले से बदमाश घबरा गए। वे लड़की को छोड़ बंटी से भिड़ गए। इतने में लड़की को मौका मिल गया। वह भाग कर सड़क पर आई और 'बचाओ...बचाओ...बचाओ...बचाओ' चिल्लाने लगी। जब तक लोग जुटे तब तक वे बदमाश लड़के बंटी को पीटकर वहां से भाग गए थे। खबर मिली तो बंटी के पापा-मम्मी भागे-भागे वहां पहुंचे। उसे तुरंत घर ले आए फिर फर्स्ट एड करने के बाद पापा ने बंटी से कहा, 'बार-बार समझाया है मैंने, दूसरों के टंटे में मत पड़ा करो, लेकिन तुम सुनते ही नहीं। तुम्हें ऐसी बेवकूफी करने की क्या जरूरत थी, जो लड़की को बचाने चले गए। तुम क्या शक्तिमान हो?' मम्मी भी बोलीं, 'बंटी, तुम इस तरह की बेवकूफी क्यों करते हो, जो दूसरों की वजह से पिटो।'

लेकिन बंटी को अपनी बेवकूफी पर कोई पश्चाताप नहीं था। वह मन ही मन सोच रहा था, किसी के साथ कुछ बुरा हो रहा हो तो उसकी मदद करना, विरोध करना कैसे बेवकूफी कही जाएगी? इस तरह लोग चुप रहेंगे तो बदमाशों का चारों तरफ बोलबाला हो जाएगा। सभी को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। *

छोटी कहानी / मुग्धा

# आलस्य का त्याग


एक चील थी। उसके दो नन्हे-नन्हे बच्चे थे। बच्चों के पंख आने में अभी काफी समय था, लेकिन वे अपनी मां से बाहर घुमाने की जिद करते। मां उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर घुमा देती थी। असल में चील अपने बच्चों से बहुत प्यार करती थी। उनकी सभी इच्छाएं पूरी करती थी। बच्चों को सब कुछ बैठे-बिठाए मिल जाने की वजह से बच्चे आलसी हो गए। यहां तक कि वे खुद उड़ने से कतराने लगे। चील ने कितना समझाया कि वे उड़ना सीखें, जरूरी है। लेकिन आलसी बच्चे उड़ने की जरा-सी भी कोशिश नहीं करते। चील अपने बच्चों के इस आलसीपन से बहुत दुखी थी।



एक दिन सुबह-सुबह चील ने बच्चों को अपनी पीठ पर बैठाकर ऊंची उड़ान भरी। ऊंचाई पर पहुंचकर चील ने पीठ पर बैठे दोनों बच्चों को गिरा दिया। वे करते तो क्या करते, मजबूरी में दोनों बच्चों ने अपने पंख फड़फड़ाना शुरू कर दिए, वे किसी तरह उड़े। जैसे-तैसे उन बच्चों ने अपनी जान बचाई। वापस आकर दोनों बच्चे अपनी मां पर बिगड़े, बोले, 'मां, आज तो आपने हमें मरवा ही दिया था। अगर हमने कोशिश कर अपने यह पंख न फड़फड़ाए होते, तो सोचो हमारे साथ क्या हो जाता?' चील ने हंसकर अपने बच्चों से कहा, 'जो लोग अपने आप नहीं सीखते हैं, आलस्य नहीं छोड़ते हैं, उन्हें सिखाने का यही नियम है। बच्चो, हमारी पहचान ऊंची उड़ान से है, यही हमारी विशेषता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' चील के बच्चों को अपनी मां की बातें समझ आ गईं। इसके बाद उन्होंने आलस्य छोड़कर उड़ना शुरू कर दिया। लगातार अभ्यास से वे भी काफी ऊंचाई पर उड़ने लगे। अब वह उड़ने के लिए अपनी मां पर निर्भर नहीं थे। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां रेंडियर के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. लड़की के मफलर के आगे लटक रहे हिस्से में एक फोल्ड अधिक खुला हुआ है। 2.लड़की की बाईं चोटी में रेड की बजाय व्हाइट हेयर-बैंड लगा हुआ है। 3.लड़की के बाएं हाथ में पहने ग्लव में अंगूठा नहीं दिख रहा है। 4.रेंडियर की बाईं हॉर्न (सींग) में तीन ब्रांचेज हैं। 5.रेंडियर की पूंछ के ठीक ऊपर एक स्टार दिखाई दे रहा है। 6.रेंडियर के पिछले दाएं पैर में हूफ (खुर) नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# अपनों से बिछड़े अली की कहानी




बड़े और पूरे-पूरे पृष्ठों पर फैले हुए चित्रों वाली एक कहानी की किताब है-मैं अली। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई इस कहानी की किताब का हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। देश की सीमा पर बसे एक छोटे से गांव की इस कहानी में एक परिवार की बात है। एक बार युद्ध होता है। इससे अफरा-तफरी मच जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस परिवार का गांव नदी के आर-पार दो हिस्सों में बंट जाता है। परिवार के जो लोग अपने मवेशी चराने जंगल की तरफ जाते हैं, वह एक अलग देश बन जाता है। एक हिस्से में रहने वाले लोगों को दूसरे हिस्से में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस वजह से परिवार का एक बच्चा अली, अपने मां, पिता और बहन से बिछड़कर एक बुजुर्ग के पास रह जाता है। यह बच्चा बड़े होने पर जब यह सब जानता है, तब क्या सोचता है और उसके मन में कैसी बातें आती हैं, यह इस किताब में पढ़ा जा सकता है। यह किताब युद्ध और उससे होने वाले बंटवारे से उपजी तकलीफों को प्रकट करती है। *

**किताब :** मैं-अली, **लेखन :** सुजाता पद्मनाभन, **अनुवाद :** विनता विश्वनाथन, **मूल्य :** 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## खबर संक्षेप

### अभिनेता धर्मेंद्र को दी श्रद्धांजलि

**हिसार।** वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न क्लब में बॉलीवुड के महान अभिनेता धर्मेंद्र को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। संस्था के महासचिव जेके डांग ने कहा कि धर्मेंद्र केवल सितारे नहीं थे, वे सादगी, संवेदना और आकर्षण के प्रतीक थे। उनकी यादें पीढ़ियों तक जीवित रहेंगी। डॉ. पुष्पा खरब ने कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन करते हुए धर्मेंद्र के फिल्मी सफ़र, उनके स्वभाव और लोगों से आत्मीय जुड़ाव के कई सुंदर उदाहरण साझा किए। क्लब के सदस्यों ने अभिनेता धर्मेंद्र के अमर गीतों, शेरों-शायरी और यादगार पलों को अपनी मधुर प्रस्तुतियों से जीवंत कर दिया।

### बाजारों में अतिक्रमण के चलते लोग परेशान

**आदमपुर।** कस्बे के सभी बाजारों में दुकानदारों व लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। इसके चलते बाजारों से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। हालात यह बन चुके हैं कि वाहन चलाना तो दूर की बात, पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। हरदम दुर्घटना का भय बना रहता है। इस समय आदमपुर क्रांति चौक, हाई स्कूल रोड, मैन बाजार, बोगा मंडी, लेडिज मार्केट तथा बिनोला मार्केट में सबसे ज्यादा दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

### नशा तस्करों के विरुद्ध चलाया सर्च अभियान

**हांसी।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस चौकी अनाज मंडी पुलिस द्वारा गुरुवार सुबह 8 से 11 बजे तक डॉग स्कवाड टीम के साथ नशा तस्करी पर अंकुश लगाने और नशीले पदार्थों की बरामदगी के उद्देश्य से सेक्टर 5 में विशेष सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों, खाली स्थानों में तथा सार्वजनिक स्थानों पर गहन जांच कर तलाशी ली।

### लायंस क्लब ने 118 छात्रों में वितरित की जर्सियां

**हांसी।** लायंस क्लब ने गुरुवार को चारकुतुब गेट स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के 118 जरूरतमंद स्कूली बच्चों में गर्म जर्सियां वितरित की। इस अवसर पर लायन संजय बंसल ने कहा कि लायंस क्लब सदस्यों ने नर सेवा ही नारायण सेवा को ध्यान में रखते हुए जरुरतमंद बच्चों को गर्म जर्सियां वितरित की हैं।

### नशा मुक्ति जागरूकता व महिला सुरक्षा पर कार्यक्रम

**हिसार।** पुलिस की नशा मुक्ति जागरूक पुलिस टीम की ओर से बीएन इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भगाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### गंगवा ने बाबा रतन नाथ कुटिया की रखी नींव

**हिसार।** प्राचीन बाबा रतन नाथ कुटिया मंगाली के नवनिर्माण कार्यों की गुरुवार को शुरुआत की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेंद्र गंगवा ने विधिवत पूजा-अर्चना और धार्मिक मंत्रोच्चारण के बीच नव निर्माण कार्यों की नींव रखी। बाबा रतन नाथ धाम क्षेत्र की आस्था, परंपरा और श्रद्धा का केंद्र है और इसके नव निर्माण से स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' में 48 जगहों पर सर्च ऑप्रेशन चला

# प्रतिबंधित दवाओं और अवैध शराब की खेप के साथ नौ काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत शहर व गांवों के करीब 48 स्थानों पर सर्च अभियान चलाकर 2 मामले दर्ज कर 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि जिला के डिंग थाना पुलिस अवैध खुर्दा संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए गांव मौजूखेड़ा के पास दबिश देकर खुर्दा संचालक भागमल पुत्र बूटा राम निवासी गांव संगर साधा जिला सिरसा को गिरफ्तार कर उसके कब्जा से 14 बोतल अवैध शराब बरामद कर थाना डिंग में आबाकरी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

वहीं एक अन्य घटना में ऐलनाबाद पुलिस की एक टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टी प्वांइट ममेरां रोड ऐलनाबाद क्षेत्र से चार लोगों को सार्वजनिक जगह पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किए है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुभाष पुत्र रामजीलाल, संजय दास पुत्र रामेशवर दास निवासी वार्ड नंबर 15 ऐलनाबाद, महेंद्र पुत्र बनवारी लाल निवासी ढाणी शेरांवाली, राहुल पुत्र हरी सिंह निवासी वार्ड नंबर 10 ऐलनाबाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जा से 1700 रुपए की जुआराशि व ताश के पत्ते बरामद कर आरोपियों के खिलाफ थाना ऐलनाबाद में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जबकि जिला की ड्रग कंट्रोलर विभाग व सीआईए सिरसा की संयुक्त पुलिस टीम ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत से आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र परमजीत सिंह निवासी जेजे कॉलोनी सिरसा को सामान्य हस्पताल सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार कर उसके कब्जा से 290 नशीली प्रतिबंधित गोलियों के साथ काबू कर आगामी कार्रवाई हेतू ड्रग कंट्रोलर विभाग सिरसा के हवाले किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' अभियान का उदेश्य अपराध एवं अपराधियों पर कारगर ढग़ से अंकुश लगाना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा तस्करों व अपराधियों का सिरसा से समूल सफाया करना तथा आमजन को सुरक्षित माहौल देना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

## 2.7 किलो अफीम के साथ 6 युवकों को पकड़ा

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत सीआईए रतिया ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 युवकों को काबू किया है। पुलिस ने इनके पास से 2 किलो 706 ग्राम अफीम बरामद की है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि पुलिस ने शक के आधार पर आरोपियों को घाघर पुल, रतिया के पास रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के वाहन से कुल 2 किलो 706 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों की पहचान रंजीत उर्फ बोना पुत्र राजा सिंह, निवासी ब्राह्मणवाला, आशीष उर्फ चतरा पुत्र किरण सिंह, निवासी ब्राह्मणवाला, गोबिंद पुत्र सुखदेव सिंह निवासी रोजावाली, टिंकू पुत्र बलजीत सिंह निवासी ब्राह्मणवाला, कुलदीप सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी रत्ताखेड़ा तथा रविंदर सिंह पुत्र राजा सिंह निवासी सिरसीवाला, थाना बरेटा, पंजाब के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को तुरंत पुलिस कस्टडी में लिया गया और थाना शहर रतिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।



रतिया। अफीम सहित गिरफ्तार युवक। फोटो : हरिभूमि

## सट्टेबाजी करने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के दौरान जुआ खेलते हुए चार युवकों को मौके पर काबू किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि पुलिस टीम रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान मुख़बिर खास से सूचना मिली कि हुड्डा सेक्टर-8 में कुछ व्यक्ति पैसे दांव पर लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर रेड की और चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कृष्णा कुमार पुत्र सत्यानारायण निवासी आजाद नगर, फतेहाबाद, रविन्द्र कुमार पुत्र सुन्दर लाल निवासी काठ मंडी, फतेहाबाद, संदीप कुमार पुत्र मेहरचंद निवासी नजदीक शनि मंदिर, लाजपत नगर, फतेहाबाद तथा सुरेश कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी बरसीन के रूप में हुई है। मौके से पुलिस ने 4670 रुपये नगद तथा ताश के पत्ते बरामद किए। इस संबंध में थाना शहर फतेहाबाद में जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आरपीएस के आदिश ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण एनएसईजेएस, दूसरा चरण आईएनजेएसओ, तीसरा चरण ओसीएससी, चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आ ई जे ए स ओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



छात्र आदिश जैन।

इस अवसर पर ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। आरपीएस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। छात्र आदिश जैन ने विज्ञान व गणित विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन व माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी। शिक्षकों ने भी छात्र को जमकर सराहा।

**नाम रोशन किया**

डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतर राष्ट्रीय मंच है, जहां छात्र विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12 से 15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। प्रतियोगिता में आरपीएस के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया था।

### जिला टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 7 दिसंबर को

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप रविवार 7 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। यह चैम्पियनशिप सतीश कालोनी में अपैक्स पब्लिक स्कूल स्थित आरडीडी स्पोर्ट्स अकैडमी में होगी।

### हिसार में संत शिरोमणि सैन महाराज के नाम से बनेगा चौक

**हिसार।** संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती की पूर्व संध्या पर ऋषि नगर स्थित सैन धर्मशाला में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर प्रवीन पोपली और समाजसेवी सुरेन्द्र रजलीवाल उर्फ बेदी मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता हिसार सैन सभा के अध्यक्ष नरेश सेलपाड़ और हरियाणा कोर कमेटी के कोषाध्यक्ष विनोद सरोहा ने संयुक्त रूप से की। समारोह में शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 71 प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेयर प्रवीन पोपली ने घोषणा की कि हिसार शहर में संत शिरोमणि सैन महाराज के नाम से एक चौक बनाया जाएगा।

## सिविल जज प्रशिक्षुओं ने किया राजकीय विद्यालय झलनियां का निरीक्षण

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झलनियां में सिविल जज जूनियर डिवीजन (प्रशिक्षु) तन्वी गर्ग और जैस्मिन बावा ने भाषा प्रयोगशाला, स्टैम लैब, विज्ञान व गणित प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रशिक्षु ने विद्यार्थियों को हमेशा आगे बढने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा आपके पास ऐसी ताकत है जिसके द्वारा आप बड़े से बड़े मुकाम को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए परिश्रम और मेहनत करें। इस दौरान विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं भावना और प्रतिज्ञा ने नशा मुक्ति पर भाषण दिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार, डीएमएस रमेश कुमार, तरुण गैरा, विनोद कुमार, प्राचार्य पुनीता रानी, प्रवक्ता सतीश कुमार, अनिल कुमार, राकेश कसवां, डीपीई प्रदीप दहिया, जसविंदर कौर, प्रियंका रानी, सीमा, सविता, सुमन देवी, मधु, गीता रानी, पूजा रानी, सुभाष, एबीआरसी पूनम रानी, रेनू बाला आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। राजकीय विद्यालय, झलनिया का निरीक्षण करतीं (प्रशिक्षु) जज तन्वी गर्ग व जैस्मिन बावा।

# बाल विवाह में शामिल होने वाले सभी पक्ष नपेंगे

- जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए आयोजित किया गया शपथ समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ पर स्कूलों, संस्थानों और ग्रामीण समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और पूरे जिले में शपथ समारोह संपन्न करवाए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने समुदायों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह में शामिल होने वाले किसी भी सेवा प्रदाता जैसे कैटरर, मेहमान, टेंट प्रदाता, या विवाह संपन्न कराने वाले धार्मिक व्यक्ति को दंडित किया जा सकता है। बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई और बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई गई। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि ये 100 दिन का गहन अभियान इस देश की दिशा बदलने और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण के करीब लाने की शक्ति रखते हैं। प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और समुदायों का यह अभूतपूर्व समन्वय बाल विवाह समाप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता में एक गेमचेंजर है। इस समन्वय और सामूहिक संकल्प के साथ हम अपने जिले को एक वर्ष के भीतर बाल विवाह मुक्त बना देंगे और अब कोई भी परदा इस अपराध को छुपा नहीं सकता। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि 100 दिनों का यह गहन जागरूकता अभियान तीन चरणों में आगे बढ़ाया जाएगा और इसका समापन 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा।

कार्यक्रम का पहला चरण 31 दिसंबर तक स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से जागरूकता फैलाने पर केंद्रित रहेगा। दूसरा चरण 1 से 31 जनवरी तक धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा तथा विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं जैसे वेडिंग हॉल, बैंड पार्टी और टेंट हाउस पर ध्यान केंद्रित करेगा।




फतेहाबाद। बाल विवाह मुक्त भारत की पहली वर्षगाठ पर कर्मचारियों को शपथ

**तीसरा चरण**

तीसरा चरण 8 मार्च तक ग्राम पंचायतों और नगर पालिका वार्डों में समुदाय-आधारित सहभागिता और स्वामित्व को मजबूत करने पर आधारित होगा।

## शिव चरित्र बुद्धि को विशुद्ध व चित्त को निरुद्ध करने की साधना

- श्री रघुनाथ मंदिर में शिव पुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री रघुनाथ मंदिर फतेहाबाद में आयोजित शिव पुराण कथा में डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि महादेव शिव के चरित्र केवल सुनने के लिए नहीं, इन्हें पीना है, स्वयं, परिवार और समाज को भी पिलाना है। दिखने में आम सद्गृहस्थी का पारिवारिक स्थूल चरित्र दिखता है, किंतु नहीं, इनका सूक्ष्म अवलोकन भी होना चाहिए। ग्रंथों में शिव को विश्वास और पार्वती जी को श्रद्धा रूप कहा गया है। जरा सोचो विश्वास रूप शिव के तो तीन नेत्र हैं, त्रिलोचन हैं वे। किंतु हम शिव भक्त विश्वास के नाम पर अंध विश्वासी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिव को विष पीने की, पचाने की कला है और हमें घर गृहस्थ में छोटी-छोटी घटिया बातों को उगलने की आदत है। ऐसा नहीं होना चाहिए।



प्रवचन करते स्वामी दिव्यानंद महाराज।

**आशीर्वाद लिया**

इस अवसर पर मंदिर सभा अध्यक्ष टेक चंद मिढ़ा, नरेश सरदाना, नरेंद्र चानना, अनिल आहुजा, प्रदीप नारंग, भरत एवं मोहित बजाज ने आशीर्वाद लिया।

## मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजू मेहता व वाइस चेयरमैन ने संभाला कार्यभार

- पारदर्शिता से समस्याओं का समाधान करेंगे : मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

प्रदेश सरकार द्वारा 20 नवंबर को रतिया मार्केट कमेटी का राजू मेहता को चेयरमैन व कुलवंत सैनी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया था। आज भाजपा जिला प्रधान प्रवीण जोड़ा द्वारा मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों नियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्यभार दिलवाया। जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी अपने हर कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान देती है और उनका हर कार्यकर्ता पार्टी नीतियों के तहत काम करते हुए जन सेवा का कार्य करने में अग्रणी रहा है और उन्हें पूरी आशा है कि दोनों पदाधिकारी अपनी नियुक्ति को सार्थक करते हुए अपनी जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। नवनियुक्त चेयरमैन राजकुमार मेहता राजू ख़ुम्बर ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी के तहत मार्केट कमेटी पर मार्केट में किस प्रशासन व्यापारी वर्ग और किसानों के बीच कड़ी का काम करते हुए पारदर्शिता से हर समस्या का हल करवाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था, व्यापारी और किसानों में एकजुटता रहेगी। वाइस चेयरमैन कुलवंत सैनी ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा चेयरमैन, वाइस चेयरमैन के साथ नियुक्त किए गए सभी 17 सदस्यों अनूप जल्लोपुर, नक्षत्र पिलछिया, अजैब हुकमावाली सहित अन्य मौजूद रहे।



रतिया। मार्केट कमेटी चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को कार्यभार ग्रहण करते बीजेपी जिलाध्यक्ष।

## भजनों से किया महामाई की महिमा का गुणगान

- चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सर्व श्री वैष्णो भजन मंडल फतेहाबाद द्वारा 51 शक्ति पीठों को निमित 51 दिन महामाई का गुणगान किया जा रहा है। इसको लेकर मां ज्वाला जी से पवित्र ज्योति फतेहाबाद लाई गई है।

51 दिन, 51 चौकी, 51 घरों में मां का गुणगान के 17 दिन माँ की पावन ज्योति शर्मा निवास पर पहुंची। सतीश कॉलोनी स्थित शर्मा निवास पर माँ की महिमा का गुणगान किया गया। शर्मा परिवार ने माँ की ज्योति प्रचंड करके उसके बाद दीप प्रज्वलित किया। उसके बाद मां के सेवक राजकुमार शर्मा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने माँ के चरणों मे प्रणाम किया और और सुंदर भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत टुटेजा ने 'राधे राधे बोल श्याम आयेंगे, चलो दरबार माँ दे, करलो दीदार माँ दे' भजनों के साथ दरबार में हाजिरी लगाई। उसके बाद भजनाचार्य ईश मेहता ने मां की महिमा का स्मरण किया।



## मिशन बुनियाद जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार में किया जागरूक

**नारनौंद।** ब्लॉक के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर 100 का ब्लॉक-स्तरीय कैंपेन सेमिनार सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सेमिनार में लगभग 250 विद्यार्थियों और शिक्षकगण ने हिस्सा लिया। जिनमें प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 8 वीं तथा 10वीं के तीन-तीन विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर 100 की पंजीकरण प्रक्रिया, परीक्षा तिथियों तथा कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। मिशन बुनियाद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। इसकी अंतिम तिथि 16 दिसम्बर है तथा इसकी परीक्षा 24 दिसम्बर को आयोजित होगी।

## चोरी के अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

**हांसी।** सदर थाना पुलिस चोरी के दो अलग-अलग मामलों में प्रेम नगर निवासी रिन्कू व जींद जिले के रामराय निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने 2 दिसंबर की रात को गांव मामन पुरा निवासी सागर के मकान से एक इंवर्टर, बैटरी व मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। पुलिस ने सागर की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को 22 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दूसरे मामले में मुख्य सिपाही बलजीत ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने एक दिसंबर को गांव गगन खेड़ी निवासी संदीप के खेत से लगे सबमर्शिबल ट्यूबवेल की कॉपर वायर चोरी कर ली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**कार्यक्रम** नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और समाज में मीडिया की भूमिका पर 'वार्ता' का आयोजन

**वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम**

# सकारात्मक रिपोर्टिंग और सामूहिक प्रयास से ही समाज में हो सकता है बड़ा बदलाव : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रेस इंफोरमेशन ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा वीरवार को हरियाणा के सिरसा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित मीडिया कार्यशाला 'वार्ता' का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और समाज में मीडिया की भूमिका आदि विषयों पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य इन विषयों पर विभिन्न आयामों पर सरकार और चौथे स्तंभ के बीच सार्थक संवाद और विचारों के उपयोगी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। जिला प्रशासन की ओर से इस मीडिया कार्यशाला में उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण, पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका एवं किसानों और औद्योगिक संस्थानों के योगदान से अबकी बार पराली जलाने की घटनाओं में पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कमी आई है। विभाग और किसानों के बीच में बेहतर सामंजस्य स्थापित हुआ है। प्रशासन द्वारा विभिन्न मुहिम चलाकर पर्यावरण से संबंधित लोगों को जागरूक किया गया। सभी के सामूहिक प्रयासों से जिला में पराली जलाने की घटना में कमी आई है और फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि नशे के प्रति जनता में जागरूकता लाने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि आजकल नशा सभी के लिए एक चिंता का विषय है, इसके समाधान के लिए प्रशासन के साथ-साथ लोगों को भी अपनी सहभागिता निभाने की आवश्यकता है।




सिरसा। मीडिया कार्यशाला 'वार्ता' को संबोधित करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

**वार्ता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला**

इससे पहले, पीआईबी चंडीगढ़ के मीडिया एवं संचार अधिकारी अहमद खान ने वार्ता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वार्ता जन कल्याण योजनाओं को मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने वर्कशॉप के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों एवं इकाइयों के कामकाज पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस मौके पर सीडीएलयू सिरसा से डा. एम. काशिफ किदवई ने पर्यावरण संरक्षण व पराली प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, वर्तमान स्थिति और भविष्य की जरूरतों पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने पर महोत्सव आज से

**हांसी।** आर्य समाज मंदिर, हांसी में महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 125वां विशेष महोत्सव गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर से ज्ञानी-ध्यानी संत, विद्वान तथा आर्य समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।

### गुरु जंभेश्वर स्कूल में रक्तदान शिविर 7 को

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 15 में 7 दिसंबर को जिला रेड क्रॉस सोसाइटी एवं अग्रोहा मेडिकल कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय शूटिंग कोच कैप्टन राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके सुपुत्र स्व. चिराग ढाका जिनका 5 दिसम्बर 2024 को एक सडक़ दुर्घटना में निधन हो गया था उनकी प्रथम पुण्य तिथि पर रक्त दान शिविर लगाया जाएगा।

### पुलिस ने हाइवे पर चलाया जागरूकता अभियान

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशों पर ट्रैफिक पुलिस की ओर से हाइवे पर ट्रैफिक नियमों की पालना सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान चलाया गया। सर्दी के मौसम में कोहरे और कम दृश्यता के चलते बढ़ते जोखिम को देखते हुए यह अभियान विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा।

### इनेलो की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों में हताशा

**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा है कि पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों में हताशा है और इस हताशा में ये दल आए दिन इनेलो प्रमुख अभय सिंह चौटाला के खिलाफ उल-जुलूल बातें करते रहते हैं। इन दलों को अब समझ आ गया है कि अभय सिंह चौटाला की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है और इसी वजह से प्रदेश की जनता अब उनमें फिर से विश्वास जताने लगी है।

### विकलांग दिवस पर नेत्रहीन केंद्र में की लंगर सेवा

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी की ओर से नेत्रहीन शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र, महावीर कॉलोनी में लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र में अध्ययनरत सभी बच्चों और शिक्षकों को भोजन परोसा गया। सभी ने खुशी और उत्साह के साथ भोजन ग्रहण किया।

### महिला पुरस्कारों के लिए 15 तक आवेदन करें

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने संघर्षशील, साहसी एवं कर्मठ महिलाओं को प्रोत्साहन देने तथा समाज में उनकी प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन लघु सचिवालय स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में जमा होंगे महिला एवं बाल विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पहला पुरस्कार पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज के नाम पर है।

## दो साल में पूरा होगा पार्किंग का निर्माण

# सिटी थाना के सामने मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की मंजूरी मिली

**प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 167 करोड़ रुपये**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के सिटी थाना के सामने प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग को बनाने की मंजूरी मिल गई है। गुरुवार को मुख्यालय में चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। इस दौरान हिसार के निगमायुक्त नीरज भी उपस्थित रहे। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने के घोषणा की थी। इस दौरान मल्टी स्टोरी पार्किंग को लेकर हर प्रकार की कार्य किए गए है। उन्होंने बताया कि यह जमीन जीएलएफ की है जो लगभग 2 एकड़ 1 कनाल 12 मरले है जोकि नगर निगम ने लगभग 15 करोड़ रुपये में हस्तांतरित हुई है।

- लगभग 850 वाहनों की पार्किंग की रहेगी व्यवस्था



हिसार। मल्टी-स्टोरी पार्किंग स्थल के लिए स्थान। फोटो : हरिभूमि

### 99 साल के पट्टे पर दी जाएगी

मल्टी स्टोरी पार्किंग पीपीपी मोड के तहत एजेंसी को 99 साल के पट्टे पर दी जाएगी। जिसमें 3 बेसमेंट होंगी और इसके अलावा भूतल पर एक कम्युनिटी हॉल जोकि 1 हजार 25 वर्ग मीटर का होगा ये सभी नगर निगम के पास रहेगा जिसका इस्तेमाल नगर निगम करेंगा। इसके अलावा बाकी क्षेत्र एजेंसी के पास होगा। जबकि ऊपर की तीन मंजिलों का इस्तेमाल एजेंसी करेंगी। इसका डिजाइन राष्ट्रीय औद्योगिक संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र ने तैयार किया है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 167करोड़ रूपये आंकी गई जिसे की एजेंसी खर्च करेंगी। इसमें लगभग 850 वाहनों की पार्किंग होगी। यह प्रोजेक्ट आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें सुरक्षा के उच्च मानक,

### शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि : मेयर



शहर में प्रस्तावित बहु-स्तरीय पार्किंग (मल्टी स्टोरी पार्किंग) परियोजना को मंजूरी मिलने पर मेयर प्रवीण पोपली ने इसे शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि और महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शहरवासी और व्यापारी जिस सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे थे, वह अब साकार होने जा रही है। शहर का पुराना बाजार क्षेत्र वर्षों से यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है। इस समस्या का सबसे अधिक असर स्थानीय व्यापारियों और खरीदारी के लिए आने वाले लोगों पर पड़ता है। लेकिन मल्टी स्टोरी पार्किंग बनने के बाद इन सभी समस्याओं का काफी हद तक समाधान हो जाएगा। -प्रवीण पोपली, मेयर।

### हिसार का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता :



पूर्व मंत्री एवं हिसार से विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि हिसार का विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है। शुरू से मैं शहर में मल्टी-स्टोरी पार्किंग की मांग उठाती आई हूं। तीसरी बार विधायक बनते ही इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को साकार करने का संकल्प लिया था। आज बहुत खुशी हो रही है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में मल्टी-स्टोरी पार्किंग को मंजूरी दे दी है। यह शहर के लिए सौभाग्य की बात है। इससे जहां एक ओर जाम की समस्या से स्थायी निजात मिलेगी, वहीं हमारे व्यापारियों का कारोबार भी बढ़ेगा। -सावित्री जिंदल, विधायक।

## कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत : अशोक सैनी

- उत्कृष्ट कार्य करने पर शंकर गोस्वामी व टीम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। सिटी मंडल महामंत्री शंकर गोस्वामी व उनकी पूर्वांचल टीम को सम्मानित करते हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी। फोटो :हरिभूमि

भाजपा कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान करने वाली पार्टी है। पार्टी कार्यकर्ताओं की लग्न व मेहनत से ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। यह बात हांसी भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया। अशोक सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होते हैं। इस अवसर पर अशोक सैनी ने बिहार चुनाव व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर भाजपा हिसार सिटी मंडल महामंत्री शंकर गोस्वामी व उनकी पूर्वांचल टीम को सम्मानित करके उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर महामंत्री शंकर गोस्वामी के अलावा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमाशंकर शर्मा, अर्बन मंडल उपाध्यक्ष सतीश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## जाट कॉलेज महिला टीम ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पदक विजेता टीम कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार बाजिया के साथ।

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष एवं खेल प्रभारी डॉ महेश ख्यालिया ने बताया कि खेलो इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 नवंबर से 3 दिसंबर तक जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में हुआ। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 16 खिलाड़ियों ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया जिसमें मनीषा, प्रीति, रितु, गायत्री, मनीषा, कोमल, विपांशी, नीतू, अंजू, पूनम, किरण, कविता, रिजवल, नेहा, रेखा व मनीषा शामिल रही। आज महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया तथा उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।

इस अवसर पर डॉ कपेन्द्र सिंह, डॉ विनय कुमार, डॉ स्वीटी जून, प्राध्यापिका हिमांशी तथा खेल प्रशिक्षक विनोद कुमार मौजूद रहे।

## फिट इंडिया मूवमेंट के तहत चौथी विज्डम मैराथन 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

फिट इंडिया मूवमेंट के तहत विजडम स्कूल द्वारा आगामी 7 दिसंबर को सुबह 7 बजे विजडम मैराथन 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन 3 श्रेणियां में आयोजित होगी। गत 3 वर्षों की भांति इस वर्ष भी कोई भी नागरिक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। यह मैराथन तीन श्रेणियां में संपन्न होगी। स्कूल के संस्थापक हरिपाल पिलानिया ने बताया कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए जूनियर मैराथन,16 से 50 वर्ष के व्यक्तियों के लिए मैराथन और 50 वर्ष से ऊपर व्यक्तियों के लिए मास्टर मैराथन रखी गई है। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए स्कूल की वेबसाइट पर पंजीकरण करके हिस्सा लिया जा सकता है। जूनियर मैराथन और मास्टर मैराथन 2.2 किलोमीटर की दूरी तय करेगी जो एचएयू गेट नंबर 4 से शुरू होकर राजगढ़ मार्ग से गुजरते हुए महाबीर स्टेडियम में समाप्त होगी। मैराथन की दूरी 5 किलोमीटर होगी जो एचएयू गेट नंबर 4 से प्रारंभ होकर राजगढ़ मार्ग से होकर गुजरेगी और महाबीर स्टेडियम में समाप्त होगा। मैराथन के अलग-अलग जंक्शन पर स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहेगा जो हिस्सा लेने वाले सभी व्यक्तियों को आगे चलने के लिए मार्गदर्शन तथा उत्साहित करेगा।

## महाराजा अग्रसेन ने समाजवाद को बढ़ावा दिया : बजरंग गर्ग

- अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने वैश्य समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अतिथियों की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। फोटो :हरिभूमि

अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग, सवामणी, भंडारा व समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इसमें भारी संख्या में प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलकर वैश्य समाज देश व प्रदेश में आपसी भाईचारा के साथ एकता में लगा हुआ है। महाराजा अग्रसेन जी ने छोटे-बड़े का भेदभाव भूलकर अपने राज्य में भाईचारे का संदेश दिया था और समाजवाद को बढ़ावा दिया था। इस मौके पर बजरंग गर्ग ने अग्रोहा धाम में आए हुए अतिथियों को महाराजा अग्रसेन जी का स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।



हिसार। नवनियुक्त डीसी महेंद्र पाल का स्वागत करते धानक जन कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष संदीप खरकिया। फोटो :हरिभूमि

### धानक जन कल्याण मंच ने डीसी का किया स्वागत

**हिसार।** धानक जन कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष संदीप खरकिया ने नवनियुक्त उपायुक्त महेंद्र पाल से मुलाकात की और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। संदीप खरकिया ने कहा कि उपायुक्त महेंद्र पाल ने हमेशा ही निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य किया है। इससे पहले भी वे हिसार जिले में रहकर अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे है और आमजन की समस्याओं का हल तुरंत प्रभाव से करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि महेंद्र पाल की उपायुक्त पद पर नियुक्ति होने से हिसार जिले में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे, रूके हुए कार्य जल्द ही शुरू होंगे।

## लोको पायलटों की भूख हड़ताल समाप्त

- 48 घंटे के उपवास के बाद लोको पायलट ने जूस पीकर उपवास खत्म किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। लोको पायलटों को जूस पिलाते संगठन के नेता। फोटो :हरिभूमि

विभिन्न मांगों पर देशभर में चल रही लोको पायलटों की भूख हड़ताल समाप्त हो गई है। लोको पायलटों पिछले 48 घंटे से भूख हड़ताल पर थे। गुरुवार सुबह ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के नेतृत्व में हड़ताल खत्म हो गई। इस दौरान लोको पायलट ने बिना भोजन किए अपनी ड्यूटी की। लगभग 48 घंटे के उपवास के बाद लोको पायलट ने जूस पीकर उपवास खत्म किया।

जोनल ज्वाइंट सेक्रेटरी लोको पायलट आशीष ने बताया कि उनकी मांग है कि ड्यूटी के समय को अधिकतम 8 घंटे तक सीमित करना, 46 घंटे का साप्ताहिक विश्राम, लगातार केवल दो नाइट ड्यूटी, रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती और आराम की मौजूदा व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना शामिल है। लोको पायलटों का आरोप है कि उन्हें न तो 16 घंटे का अनिवार्य दैनिक विश्राम मिल रहा है और न ही 30 घंटे का साप्ताहिक अवकाश। इसके बजाय, उनसे 12 से 14 घंटे तक लगातार ड्यूटी कराई जा रही है, जिससे अत्यधिक थकान के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।



हांसी। सीए फाउंडेशन परीक्षा में सफलता पाने वाली छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### बाबा बंदा बहादुर स्कूल की 4 छात्राओं की शानदार सफलता

**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पहले प्रयास में ही सीए फाउंडेशन परीक्षा के पहले चरण में शानदार सफलता प्राप्त की। वाणिज्य संकाय की विभागाध्यक्षा हिमानी व ऊषा कंसल ने बताया कि सीए फाउंडेशन परीक्षा के प्रथम चरण में विद्यालय की चार छात्राओं टीशा, जिया, अनु व कंगना ने अपना परचम लहराया। विद्यार्थियों ने परीक्षा में मिली सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों की कड़ी मेहनत, लग्न व एकाग्रता को दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला ने विद्यार्थियों से कहा कि आपने अपनी मेहनत और लग्न से यह मुकाम हासिल किया है, इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आपकी यह कामयाबी दूसरों के लिए प्रेरणा है। विद्यालय की प्रबंधन समिति प्रधान आरपी परुथी, एकेडमिक कोर्डिनेटर पवन रावल व अध्यापकों ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी।

## गीता जयंती पर गीता भवन से निकली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आध्यात्मिक गीता-ज्ञान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन में मनाए जा रहे 76वें गीता जयंती समारोह के तहत वीरवार को गीता भवन से नगर में कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई। सभा की प्रधान ऊषा बक्शी ने बताया कि शोभा यात्रा गीता भवन के प्रांगण से आरती व गणेश वंदना के साथ शुरु हुई। बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। यात्रा का मुख्य आकर्षण शोभा यात्रा में शामिल भगवान कृष्ण-अर्जुन का रथ रहा। शोभा यात्रा रामपुरा मौहल्ला, कमला नगर, डोगरान मौहल्ला, पारिजात चौक, नागोरी गेट, राजगुरु मार्किट, पुल तेलियान, इंदिरा मार्किट, डोगरान बाजार से होते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंची। इस दौरान भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश राखा लक्की, शुभम आदि व अन्य भजन गायकों ने रास्ते भर कीर्तन किया।



हिसार। गीता भवन से निकली शोभा यात्रा में

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सभा की प्रधान ऊषा बक्शी, उपप्रधान कृष्ण कुमार, सचिव कृष्ण शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मबीर ग्रोवर के अलावा कुलदीप चोपड़ा, त्रिभुवन बक्शी, राजू नागपाल, गंगाधर पाल आदि भी उपस्थित रहे।



हिसार। समिति सदस्यों और पदाधिकारियों की बैठक लेते मार्केट कमेटी चेयरमैन रविंद्र रोकी। फोटो :हरिभूमि

### मंडियों में चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान : रविंद्र रोकी

**हिसार।** मार्केट कमेटी चेयरमैन रविंद्र रोकी ने समिति सदस्यों और पदाधिकारियों की बैठक लेकर हिसार की दोनों मंडियों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मंडियों में स्वच्छ पानी, शौचालय की बेहतर व्यवस्था और निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करना प्राथमिकता रहेगी। बैठक में मार्केट कमेटी सचिव ने चेयरमैन रविंद्र रोकी तथा सभी सदस्यों का अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय कराया। चेयरमैन ने निर्देश दिए कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी कृषि तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों मंडियों को पूरी तरह पॉलीथिन-मुक्त बनाने की शुरुआत की जाएगी और इसको लेकर जल्द ही एक विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। रविंद्र रोकी ने सभी सदस्यों से कहा कि वे मंडी के आढ़तियों से मिलकर उनकी समस्याएं जानें और किसानों के साथ नियमित संवाद स्थापित करें, जो समस्याएं कमेटी स्तर पर हल हो सकती हैं, उन्हें तुरंत समाधान की दिशा में किया जाए, जबकि अन्य मुद्दों को हरियाणा सरकार के समक्ष भेजकर उनका निवारण कराया जाएगा।

### चुनाव के लिए भरे गए सभी 29 नामांकन पत्र जांच में सही मिले

**हिसार।** श्रीरामलीला कमेटी कटला के चुनाव में विभिन्न पदों के लिये भरे गए सभी 29 नामांकन पत्र गुरुवार दोपहर बाद की गई जांच में सही पाए गए। चुनाव अधिकारी डॉक्टर यशपाल सिंगला ने बताया कि श्रीरामलीला कमेटी कटला के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व छह कार्यकारिणी सदस्यों के लिये निर्धारित समय तक कुल 29 नामांकन फार्म जमा हुए। इनमें प्रधान पद के लिये कुल 4 उम्मीदवार, सचिव पद के लिये कुल 6, उपप्रधान पद के लिये 3, सहसचिव पद के लिये 5 तथा कोषाध्यक्ष पद के लिये 2 उम्मीदवारों तथा कार्यकारिणी सदस्यों के लिये 9 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

## हकृवि में कृषि शिक्षा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# कृषि शिक्षा में उद्यमिता को प्राथमिकता देने की जरूरत

**छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि शिक्षा दिवस पर 'एग्री विजन फॉर विकसित भारत-2047' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे। सेमिनार को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि कृषि शिक्षा में नवाचार व उद्यमिता को प्राथमिकता देनी होगी। आज की कृषि शिक्षा सिर्फ खेती सिखाने तक सीमित नहीं, बल्कि स्मार्ट, टिकाऊ, तकनीक-आधारित और उद्यमशील कृषि के निर्माण की दिशा में अग्रसर है। कृषि शिक्षा एक डिग्री नहीं बल्कि एक विजन है जो अनुसंधान और नवाचार का मार्ग दिखता है। प्रो. देश की कृषि व्यवस्था ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, (एआई) सेंसर आधारित खेती, स्मार्ट सिंचाई और रोबोटिक से पूरी तरह सुसज्जित करना होगी। कृषि शिक्षा का उद्देश्य उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है। बदलते जलवायु परिदृश्य में ऐसी तकनीकें विकसित करनी होगी जो किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार दे सकें।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे**

*कृषि शिक्षा दिवस पर विद्यार्थियों को जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कुलपति ने प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। भाषण प्रतियोगिता में मानसी राज, अरुमुघन एन., निशिता कुमार, यशवीर, नमन, अक्षरा क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। नारा लेखन में आरोहिका कायथ, प्रचेता व मुस्कान क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। निबंध लेखन में सलोनी दीप, नमन व अंशु कुमारी क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।*